//सूचना//

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय बलौदाबाजार के ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क एवं भृत्य के पद की संविदात्मक (एक वर्ष की अवधि) भर्ती संबंधित आवश्यक सूचना।

लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम बलौदाबाजार के ऑफिस असिस्टेंट /क्लर्क पद हेतु कुल प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या 237 तथा भृत्य पद हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या 156 है। लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम बलौदाबाजार के ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क एवं भृत्य के पद की भर्ती के विज्ञापन के अनुसार ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क के रिक्त पदों हेतु जारी पदों के 30 गुणा अभ्यर्थियों की सूची उनके स्नातक में प्राप्त अंको की प्रावीण्यता (मेरिट) के अनुसार तैयार किया जाना था।

उसी प्रकार भृत्य/मुंशी के रिक्त पदों के 30 गुणा अभ्यर्थियों की सूची उनके कक्षा पांचवी के प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर वरीयता कम में तैयार किया जाना था, परंतु रिक्त पद की तुलना में परीक्षार्थियों की अत्यधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होने की स्थिति में चयन समिति की अनुशंसा एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के अनुमोदनानुसार ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क तथा भृत्य/मुंशी के पद हेतु सभी परीक्षार्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार का अवसर दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

परीक्षा की संभावित तिथि 23 मार्च 2025, दिन रविवार है। **प्राप्त आवेदन पत्र की सूची वेबसाईट में प्रकाशित की जा रही है। सभी अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताएं की जांच कर ले। सूची के प्रकाशन से यह न समझा जावे कि वह पात्र हो गये है।** परीक्षार्थीयों के प्रवेश–पत्र जिला न्यायालय बलौदाबाजार के वेबसाईट पर अपलोड की जावेगी।

सदस्य
(चयन समिति)

सदस्य
(चयन समिति)

अध्यक्ष
(चयन समिति)